भर्ती हेतु सूचना

वरिष्ठ परामर्शदाता - योजना ब्यूरो (बीओपी)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व:

वरिष्ठ परामर्शदाता स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के बीओपी प्रभाग में तैनात रहेंगे तथा सीधे आर्थिक सलाहकार/निदेशक, बीओपी प्रभाग के पर्यवेक्षण में कार्य करेंगे। इस पद के विनिर्दिष्ट कार्य निम्नानुसार हैं:

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के कार्यान्वियन के निगरानी में बीओपी प्रभाग की सहायता करना।
2. राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के कार्यान्वियन के लिए आगे की कार्यनीतियों/कार्याकलापों की पहचान के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग के विभिन्न प्रभागों को तकनीकी सहायता और समर्थन प्रदान करना।
3. राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के कार्यान्वियन के लिए कार्यक्रम प्रभागों से परामर्श करके कार्यनीतियों और कार्यकलापों को पुन: परिभाषित करना।
4. राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के कार्यान्वियन के लिए कार्यनीतियां और कार्यकलाप को विकसित करने के लिए राज्यों का मार्गदर्शन व सहयोग करना।
5. विभिन्न राज्यों में स्वास्थ्य प्रणाली की उभरती चुनौतियों की पहचान करना तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के कार्यान्वयन के संदर्भ में समाधान के लिए कार्यनीतियां विकसित करना।
6. राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 में निर्दिष्ट लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए विभिन्न मंत्रालयों/ विभागों के अंतर-सेक्टर सहयोग के लिए बैठकों/ परामर्शों के आयोजन के लिए सहायता व सहयोग देना।
7. राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के कार्यान्वयन के लिए विभिन्न प्रभागों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम कार्याकलापों/ प्रगति के संबंध में अनुक्रिया समन्वय और सूचना एकत्र कर रिपोर्ट तैयार करना।
8. राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति डेशबोर्ड से सृजित विभिन्न रिपोर्टों के विश्लेषण में बीओपी प्रभाग को सहयोग देना।
9. राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के कार्यान्वयन के संबंध में मासिक और तिमाही रिपोर्टें तथा अन्य निगरानी रिपोर्टें तैयार करने में सहयोग देना।
10. राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 से संबंधी अन्य कोई कार्य तथा संगठनात्मक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रभाग द्वारा आबंटित अन्य कार्य करना।

पात्रता:

1. लोक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर/ लोक स्वास्थ्य नीति में स्नातकोत्तर/ सामुदायिक स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर/स्वास्थ्य प्रशासन में स्नातकोत्तर ।
2. स्वास्थ्य नीति योजना तथा नीतिगत कार्यनीतिक विकास और/ अथवा फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रचालन का अनुभव।
3. भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली, मुख्य पणधारियों और सरकार की संगत नीतियों/कार्यनीतियों की जानकारी।
4. प्रबल विवेचनात्मक विश्लेषण और रिपोर्ट लेखन कौशल अपेक्षित।
5. उत्कृष्ट संप्रेषण व प्रस्तुति कौशल, प्रबल बोधगम्यता, विश्लेषणात्मक और अंत:पारस्परिक योग्यता, अंग्रेजी व हिन्दी में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित कौशलता।
6. कम्प्यूटर दक्षता तथा एमएस वर्ड, एक्सेल और पावर प्वांइट जैसे आम प्रयोग में आने वाले पैकेज में उच्च स्तरीय जानकारी।
7. लोक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कम से कम 5+ वर्षों का अनुभव जिसमें अधिमानत: दो वर्ष का सरकारी अनुभव हो।

आयु सीमाः आवेदन प्राप्ति की आखिरी तारीख को 40 वर्ष

पारिश्रमिक: प्रतिमाह 90,000/ रु.- से 1,20,000/- रु. के बीच

वरिष्ठ परामर्शदाता अन्य किसी लाभ, भुगतान, सब्सिडी, प्रतिपूर्ति अथवा पेंशन का हकदार नहीं होगा किन्तु परामर्शदाता करार में स्पष्ट रूप से उल्लिखित लाभ का हकदार होगा। वह कर से मुक्त नहीं होगा और मौजूदा नियमों के तहत, प्राप्त पारिश्रमिक पर लगने वाले किसी भी कर की प्रतिपूर्ति का हकदार नहीं होगा।

आवेदन करने के लिए:

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **20-Dec-2017 अपराह्न 4 बजे तक** mohfw.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्रपर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।